कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-20.08.2024

विषय:- नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त आशीष थाना रोहनिया पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, अपहृता/पीड़िता सकुशल बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा गुमशुदा/अपहृता की बरामदगी तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना रोहनिया पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-237/2024 धारा 137(2),87 बी0एन0एस0 थाना रोहनिया से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त आशीष पुत्र दिनेश कुमार निवासी पंचकोशी सलारपुर थाना सारनाथ वाराणसी को दिनांक-19.08.2024 को समय करीब 23.50 बजे पहड़िया चौराहा कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार करते हुए अपहृता/पीड़िता को सकुशल बरामद किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना रोहनिया पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-

दिनांक-19.08.2024 को वादिनी मुकदमा/पीड़िता की माँ ने दिनांक-18.08.2024 को उनकी नाबालिक पुत्री उम्र 17 वर्ष को प्रतिवादी आशीष द्वारा बहला-फुसला कर भगा ले जाने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना रोहनिया में मु0अ0सं0-237/2024 धारा 137(2)/87 बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 अमित सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

आशीष पुत्र दिनेश कुमार निवासी पंचकोशी सलारपुर थाना सारनाथ वाराणसी, उम्र करीब 20 वर्ष।

बरामदगी का विवरण- मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अपहृता/पीड़िता उम्र 17 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- पहड़िया चौराहा कमि0 वाराणसी से दिनांक-19.08.2024 को समय करीब 23.50 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1-मु0अ0सं0-237/2024 धारा 137(2)/87 बी0एन0एस0 थाना रोहनिया कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1-उ0नि0 अमित सिंह थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।

2-म0का0 आकाक्षां सिंह थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।